
आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :13 अंक :381 पृष्ठ -4 दिनांक 24 जनवरी 2025 दिन शुक्रवार

## आगरा नगर निगम में महिलाओं का अनोखा प्रदर्शन

## ब्रज भाषा में गीत गाकर सुनाई अपनी समस्या

उत्तर प्रदेश आगरा नगर निगम में आज अनोखा प्रदर्शन देखा गया है, जहां महिलाएं ब्रज भाषा में गीत गाकर अपनी परेशानी बता रही है. ब्रज भाषा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए गीत गाकर समाधान करने की मांग कर रही है. अपनी मांगों लेकर नगर निगम पहुंची महिलाओं ने नगर आयुक्त कार्यालय का घेराव किया और जमकर नारेबाजी भी की.महिलाओं ने अपने हाथ में तिरंगा झंडा लेकर ब्रज भाषा में गीत गाती हुए प्रदर्शन किया. खेरिया मोड के शिव नगर में जलभराव की समस्या बनी हुई है जिसको लेकर क्षेत्र की महिलाएं अपनी मांगों को लेकर नगर निगम के अधिकारियों से मिलने आई थी. प्रदर्शन के दौरान महिलाएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए निवेदन भरा ब्रज भाषा में गीत गाती रही है. महिलाओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुहार लगाते हुए गीत गाया कि तुमको जीवन की सौंप दी गाड़ी, बाबा जी तुम जानो तुम्हारो काम जाने, घरों में भर गया पानी, बाबा जी तुम जानो तुम्हारो काम जाने. महिलाओं ने अपनी मांग का ज्ञापन नगर आयुक्त को सौंपाबताया गया है कि इस क्षेत्र की समस्याओं को लेकर पहले



भी समस्या के समाधान की मांग की गई थी. नगर निगम में महिलाएं प्रदर्शन के दौरान नगर आयुक्त कार्यालय के सामने बैठ गई. प्रदर्शन के दौरान महिलाओं की समस्या को अपर नगर आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव ने सुना और जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया, तब जाकर महिलाओं ने प्रदर्शन खत्म किया. इस दौरान महिलाओं ने अपनी मांगों को लेकर अपर नगर आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव को ज्ञापन दिया. आगरा नगर निगम में महिलाओं के अनोखे प्रदर्शन को चर्चाएं हो रही है. नगर निगम में आने वाले लोग भी महिलाओं के प्रदर्शन को देखते रह गए. महिलाएं ब्रज भाषा में गीत गा रही थी और उसी गीत के जरिए अपनी समस्याओं के बारे में भी बता रही थी. महिलाओं के अनोखे प्रदर्शन को लेकर अपर नगर आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि शिव नगर की सड़क निर्माण की मांग को लेकर महिलाओं का प्रतिनिधिमंडल आया था. इस क्षेत्र में सड़क निर्माण की मांग पहले भी आ चुकी है, महिलाओं को बता दिया गया है कि सड़क के लिए टेंडर हो चुका है जल्द ही समस्या खत्म हो जाएगी, जिससे महिलाएं संतुष्ट होकर वापस लौट गई.

## यूपी के मंत्री नितिन अग्रवाल की बहन से धोखाधड़ी का आरोप, पूर्व विधायक सुभाष पासी गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश सरकार में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल की बहन समेत दो लोगों से धोखाधड़ी करने वाले पूर्व विधायक सुभाष पासी को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस को काफी समय से उनकी तलाश थी. इस मामले में सुभाष पासी की पत्नी रीना पर भी धोखाधड़ी और गैंगस्टर का आरोप है. जो अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है. पुलिस को पूर्व विधायक की पत्नी की तलाश है, सुभाष पासी के खिलाफ 10 अक्टूबर 2023 को शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित रेलवेगंज मोहल्ला के रहने वाले प्रकाश चंद गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी. उन्होंने आरोप लगाया था कि पूर्व विधायक सुभाष पासी मुंबई शहर के जुहू चर्च बलराज साहनी रोड नंबर तीन पर प्लॉट नंबर 658 में रहता है. एक पड़ोसी के जरिए उनकी सुभाष पासी और उनकी पत्नी रीना से मुलाकात हुई थी. उन्हें बताया गया था कि सुभाष प्रॉपर्टी का काम करता है. फ्लैट बेचने के नाम पर धोखाधड़ीसुभाष ने मुंबई के आराम नगर में ढाई करोड़ रुपये में फ्लैट बेचने का ऑफर किया था. जिसके बाद चंद्र प्रकाश ने दोनों की मुलाकात रुचि गोयल से कराई जो मंत्री नितिन अग्रवाल की बहन है. जिसके बाद कई लोगों की मौजूदगी में रुचि ने सुभाष और उसकी पत्नी को 49 लाख रुपये का चेक दिया था. जिसे बाद में रीना ने कैश भी करवा लिया. कुछ दिन बाद उन्होंने फ्लैट के फर्जी कागज थमा दिए और फ्लैट भी नहीं दिया. जिसके बाद इस मामले में पुलिस ने सुभाष पासी और पत्नी रीना के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया था. सुभाष पासी दो बार साल 2012 और 2017 गाजीपुर की सैदपुर सीट से समा. जवादी पार्टी से विधायक रह चुके हैं. 2022 विधानसभा चुनाव से पहले वो भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने गए थे. बीजेपी ने उन्हें सैदपुर विधानसभा से ही टिकट दिया था लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा. सीएम सिटी अंकित मिश्र ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सुभाष पासी गैंग बनाकर फर्जीवाड़ा करता है. मुंबई पुलिस कई बार उसे पकड़ने के लिए गई लेकिन हर बार वो भाग जाता था.

## कोहरे की वजह से अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रहीं ट्रेनें



कोहरा और ठंड की वजह से पिछले काफी दिनों से ट्रेनें लगातार अपने निर्धारित समय से ज्यादा लेट हो रही हैं। जिसके कारण सैकड़ों यात्रियों को टिकट रद्द कराना पड़ रहा है, लेकिन कुछ ही यात्रियों को ही पूरा रिफंड मिलता है। अधिकतर लोगों के खाते में कटौती के बाद ही पैसा आता है। टिकट रद्द कराने पर पूरा पैसा न मिलने पर यात्री परेशान हैं।रेलवे नियम के अनुसार अगर कोई भी ट्रेन तीन घंटे से अधिक लेट होती है तो पूरा पैसा रिफंड करना होता है। लेकिन, बुधवार को कई यात्रियों को ऑनलाइन टिकट रद्द कराने पर पूरा पैसा वापस नहीं मिला। रेलवे काउंटर पर भी कई ट्रेनों के लेट चलने की फीडिंग न होने के कारण यात्रियों को कम रिफंड ही मिलता है। किराये की राशि में से कैंसिलेशन चार्ज काट लिया जाता है। मुरादाबाद मंडल में 200 से ज्यादा स्टेशन हैं। जहां ज्यादातर स्टेशनों पर काफी यात्रियों ने ट्रेनें लेट होने पर अपने टिकट रद्द कराए। जिसके बाद उनके खाते में पैसा आया। इनमें ऐसे यात्री भी शामिल हैं, जिन्होंने ट्रेन लेट होने के कारण टिकट रद्द कराया, लेकिन उन्हें पूरा रिफंड नहीं मिला। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि नियमानुसार ही यात्रियों को रिफंड दिया जाता है। यदि कहीं ऑनलाइन फीडिंग की खामी से त्रुटि हुई है तो उसे सुधारा जाएगा।बुधवार को निर्धारित समय पर नहीं पहुंची ये ट्रेनें कोहरे के कारण ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से बिगड़ा हुआ चल रहा है। बुधवार को डाउन दिशा की महाकुम्भ स्पेशल दोनों ट्रेनें देरी से यहां पहुंचीं। जबकि सरयू–यमुना एक्सप्रेस 2 घंटे प्रभावित रही। अवध–असम के आने का यात्री घंटों इंतजार करते रहे। प्रयागराज से आ रही नौचंदी एक्सप्रेस के यात्रियों को मुरादाबाद में 3 घंटे इंतजार करना पड़ा। गंगा–सतलुज, सद्भावना, दून एक्सप्रेस, जनसाधारण और दुर्गियाना की प्रतीक्षा में लोग देखे गए।

## कानपुर में दरोगा की मौत,घर पर अचानक गिर पड़े, फेफड़े के कैंसर से थे पीड़ित, परिजन बोले- कीमोथेरेपी से हुए कमजोर

कानपुर में दरोगा की मौत हो गई। सुरेश बाबू उम्र 56 वर्ष मूल निवासी दिबियापुर, औरैया हाल पता रतनपुर, पनकी की तैनाती पुलिस लाइन में की गई थी। वे फेफड़ों के कैंसर से पीड़ित थे। उनका मेदांता अस्पताल में इलाज चल रहा था। कुछ समय पहले वे ठीक हुए थे। परिजनों ने बताया कि कीमोथेरेपी होने से वे बहुत कमजोर हो गए थे। बुधवार शाम 4 बजे के करीब वे घर पर अचानक गिर पड़े। आनन–फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने रात आठ बजे के करीब उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## घर के बाहर खेल रहे तीन साल के बच्चे को आवारा कुत्तों ने नोंच–नोंच कर मारा डाला, परिवार में कोहराम

यूपी के मथुरा जिले में आवारा कुत्तों ने घर के बाहर खेल रहे तीन साल के बच्चे को नोंच कर मार डाला। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना कोसीकलां शहर की ईदगाह कॉलोनी की है, जहां बुधवार को घर के बाहर खेलते समय खूंखार आवारा कुत्तों के एक झुंड ने बच्चे को अकेला पाकर घेर लिया और कुछ ही पलों में उसे लहूलुहान कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत यह सूचना बच्चे के परिजनों को दी। वे उसे उपचार के लिए पास के अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लेकिन उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में ही बच्चे की मृत्यु हो गई।छाता के पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष शर्मा ने बताया कि जानकारी मिली है कि कस्बे के दिल्ली गेट मोहल्ला स्थित ईदगाह कॉलोनी निवासी सोफियान (तीन) बुधवार को अपराह्न तीन बजे के करीब घर के बाहर खेल रहा था, तभी कहीं से लड़ते हुए आए कुछ आवारा कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया और उसे घसीटते हुए



ले गए तथा बुरी तरह उस पर टूट पड़े। उन्होंने बताया कि जब गली के ही कुछ बच्चों ने यह दृश्य देखा तो दौड़कर उसके घरवालों को बताया। वे सभी सन्न रह गए। उन लोगों ने भागकर कुत्तों को डंडे से मारकर भगाया, लेकिन तब तक वे बच्चे को बुरी तरह से घायल कर चुके थे। बच्चे के शरीर पर जगह–जगह कुत्तों के दांत एवं पंजों से बने जख्म थे। परिजन मासूम सोफियान को लेकर एक निजी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन जब घायल बच्चे को मथुरा ले जा रहे थे तभी रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। परिजनों के अनुसार, वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उन्होंने बताया कि नगर पालिका प्रशासन को इस घटना की जानकारी दे दी गई है।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने अटकलों पर लगा दिया ब्रेक, मिल्कीपुर उपचुनाव से पहले दिया नया संदेश

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रयागराज महाकुंभ में मंत्रिमंडल की बैठक करके और एनडीए के सहयोगी दलों के मंत्रियों के साथ गंगा में डुबकी लगाकर विपक्ष के इस आरोप को चतुराई से खारिज करने की कोशिश की कि भाजपा के सहयोगी दल उससे अलग हो रहे हैं. मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में कैबिनेट की बैठक करने के बाद उप मुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के अलावा अन्य मंत्रियों के साथ बैठक में लिये गये फैसलों पर संवाददाताओं को संबोधित किया. बाद में सीएम योगी ने अपने मंत्रियों के साथ फोटो खिंचाई और अचानक उन्होंने राजग के सहयोगी दलों के नेताओं और कैबिनेट मंत्रियों अपना दल (सोनेलाल) के नेता आशीष पटेल और निषाद पार्टी के प्रमुख संजय निषाद को बुलाया.उन्होंने सबसे पहले उत्तर प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष पटेल को बुलाते हुए कहा, श्अरे, कहां पीछे छुपे हैं आशीष पटेल जी?श सीएम योगी की यह बात खासतौर पर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि आशीष पटेल ने हाल ही में कई बार वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों पर अपने खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया था.क्या थी अटकलेंराजग के एक अन्य सहयोगी दल निषाद पार्टी के नेता और प्रदेश के काबीना मंत्री संजय निषाद पिछले साल 20 नवंबर को हुए उपचुनाव में कटेहरी विधानसभा सीट पर अपना उम्मीदवार उतारना चाहते थे लेकिन भाजपा द्वारा इस सीट पर अपना प्रत्याशी उतारे जाने से वह कथित रूप से नाराज थे.सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के एक अन्य वरिष्ठ सहयोगी और प्रदेश के अल्पसंख्यक एवं पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर को भी अहमियत दी गई. मुख्यमंत्री पिछड़े वर्गों के एक अन्य मंत्री अनिल रा. जभर का भी जिक्र करना नहीं भूले जो पूर्व में ओम प्रकाश राजभर की आलोचना करते रहे हैं. सीएम ने अपनी पार्टी के नेता और वाराणसी से विधायक अनिल राजभर को पुकारते हुए कहा, अनिल कहां हैं, अनिल.श्भाजपा की तीनों सहयोगी पार्टियां–– अपना दल (सा. `नेलाल), निषाद पार्टी और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी–– प्रदेश में राजनी. तिक लिहाज से महत्वपूर्ण अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व करती हैं. मुख्यमंत्री का इन पार्टियों के मंत्रियों को तवज्जो देना और भी ज्यादा अहम है क्योंकि भा. जपा पांच फरवरी को अयोध्या में महत्वपूर्ण मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए तैयार है.क्या बोले जानकारराजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि भाजपा के अन्य पिछड़े वर्गों के सहयोगी राज्य की मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) की एकजुटता के जरिये खुद को मजबूत करने के प्रयासों का मुकाबला करने के लिए महत्वपूर्ण हैं. प्रदेश के एक वरिष्ठ मंत्री ने कहा, श्मुख्यमंत्री ने बस यह दिखाया कि भाजपा गठबंधन धर्म निभाने में विश्वास करती है.श्मंत्री ने कहा कि गठबंधन के सहयोगियों को खो देने वाली समाजवादी पार्टी या कांग्रेस के विपरीत भाजपा चाहे उत्तर प्रदेश में हो या केंद्र में, अपने सहयोगियों को जोड़ रही है क्योंकि हम समावेशी राजनीति में विश्वास करते हैं. सपा ने महाकुंभ में कैं. बनेट बैठक आयोजित करने पर भाजपा की आलोचना की जिसे भाजपा ने श्निराधारश बताकर खारिज कर दिया.

# पीएम कुसम योजना के लाभार्थी 05 फरवरी तक जमा कराएं कृषक अंश की धनराशि

अलीगढ़ उप कृषि निदेशक यशराज सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जिले में विभिन्न क्षमता वाले 2एचपीएसी, 3एचपीएसी, 5 एचपीएसी, 7.5एचपीएसी एवं 10 एचपीएसी के सोलर पम्प बुक करने वाले किसान भाईयों को सूचित किया है कि 23 दिसंबर 2024 से अद्यतन तक विभागीय पारदर्शी पोर्टल से पी0एम0 कुसुम योजनान्तर्गत सोलर पम्प के लिए पहले आओ पहले पाओ के आधार पर बुक किये गये लाभार्थियों के टोकनों को 22 जनवरी को मुख्यालय स्तर से कन्फर्म कर दिया गया है।उन्होंने बताया कि बुकिंग कन्फर्म हो जाने का सन्देश सम्बन्धित कृषक के बुक किये गये सोलर पम्प के पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर स्वतः ही पहुँच गया होगा, जिसकी कृषक अंश धनराशि जमा करने की अन्तिम तिथि 05 फरवरी 2025 निर्धारित है। उन्होंने जिले के सम्बन्धित किसान भाईयों से अनुरोध है कि विभागीय पारदर्शी पोर्टल से चालान जनरेट कर इण्डियन बैंक की किसी भी शाखा में 05 फरवरी तक जमा कराना सुनिश्चित करें।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### सिविल डिफेंस नागरिक सुरक्षा कर के जवान सहित विभिन्न . समाज सेवी संगठन व विद्यालय के बच्चों ने किया प्रतिभा



अलीगढ़। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आज पुलिस कंट्रोल रूम अलीगढ़ से लेकर शहर के विभिन्न इलाकों में से होकर रेली का आयोजन किया गया जिसमें सड़क सुरक्षा के प्रति सभी नागरिकों को शपथ दिलाई गई वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की बातें बताई गई साथ ही साथ यातायात के नियमों का पालन करने हेतु वह रेड लाइट का प्रयोग करने हेतु सभी को जानकारी दी गई इसी क्रम में नागरिक सुरक्षा कोर के जवानों सहित शहर के विभिन्न विद्यालयों के बच्चो एवं समाजसेवी संगठनों ने कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया ।कार्यक्रम में जिलाधिकारी मंडल आयुक्त आरटीओ एआरटीओ प्रवेश कुमार सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे

## सेराजेम थेरेपी कैंप में 281 लोगों ने कराई निशुल्क थेरेपी




`राजेम थेरेपी के निशुल्क कैंप में गुरुवार को रामघाट रोड अलीगढ पर स्थित प्रकाश लोज पेट्रोल पंप के सामने, कैनरा बैंक के नीचे ग्राउंड फ्लोर पर गुरुवार को 281 व्यक्तियों ने सेराजेम थेरेपी का लाभ लिया । इस अवसर पर निदेशक संदीप पांडे ने बताया कि 24 जनवरी को प्रातः10 बजे अवार्ड सेरेमनी और सम्मान समारोह का कार्यक्रम रहेगा जिसमे हमारे जोनल डायरेक्टर सर प्रमोद कुमार तिवारी का सानिध्य हम सबको प्राप्त होगा । साथ ही संदीप पांडे ने आगे बताया कि आप सभी भी सेराजेम थेरेपी से नया जीवन प्राप्त कर सकते हैं । उन्होंने आगे बताया कि सभी असाध्य रोगों की जड़ है आपकी रीढ़ की हड्डी । बचपन मे जिस प्रकार से माँ अपने बच्चे की कमर एवं रीढ़ की हड्डी की मालिश सुबह की गुनगुनी धूप में करती हैं जिससे बच्चा स्वस्थ रहता है । अगर उसी तरह से युवावस्था में भी आपकी स्पाइन की मालिश की जाए और सुबह की धूप में बैठा जाए तो आप लम्बा स्वस्थ जीवन जी सकते हैं । लेकिन आज कल इस तेज दौड़ भाग की जिंदगी में यह मुमकिन नही हो पा रहा है और आम व्यक्ति बुढ़ापे तक पहुँचते पहुँचते कई बीमारियों से ग्रस्त होता जा रहा है । सेराजेम थेरेपी आपकी स्पाइन पर हीट एवं मसाज का काम करती है । सेराजेम से निकलने वाली एफ आई आर रेज मनुष्य जीवन के लिए जीवन दायनी होती हैं । आम तौर पर दवाएं रोग को जड़ से दूर नही करती हैं और रोग को दबाने का ही कार्य करती हैं जबकी सेरा. जेम थेरेपी रोग को जड़ से भगाने का कार्य करती है । संदीप पांडे ने आगे बताया कि सेराजेम थेरेपी के निशुल्क रेजिस्ट्रेशन आप अब कभी भी करा सकते हैं । सेराजेम थेरेपी का यह कार्य रामघाट रोड अलीगढ पर स्थित प्रकाश लोज पेट्रोल पंप के सामने, कैनरा बैंक के नीचे ग्राउंड फ्लोर पर प्रातः 9 बजे से सांय 4 बजे तक यूँ ही चलता रहेगा । रजिस्ट्रेशन कराने वाले व्यक्तियों को 100 दिन की सेराजेम थेरेपी निशुल्क दी जायेगी । थेरेपी करने वाली इच्छुक व्यक्ति दो सफेद चादर साथ लाएं । इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निदेशक संदीप पांडे , बृजेश तिवारी , भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक, दीपक पौल , दुष्यन्त शर्मा , नूरी कुरैशी , निशा भारद्वाज , लतेश ठाकुर , मधु भारद्वाज, सोनम , दीपिका वार्ष्णेय , सुशील वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे ।

## जिलाधिकारी ने नुमाइश की तैयारियों को लेकर किया स्थलीय निरीक्षण



अलीगढ़ रू अलीगढ़ शहर की लगभग 150 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक नुमाइश जिसकी राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी और श्अलीगढ़ महोत्सवश् के रूप में प्रदेश के साथ ही देश भर में अपनी एक अलग पहचान है। विगत वर्षों की ही भांति अलीगढ़ महोत्सव–2025श् को पूर्ण भव्यता के साथ जागरूकता कार्यक्रमों से परिपूर्ण करते हुए सभी आयुवर्ग के लोगों का स्वस्थ मनोरंजन किया जाएगा।उक्त उद्गार जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा नुमाइश मैदान भ्रमण के दौरान व्यक्त किए, वह गुरूवार को नुमाइश के आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कृष्णांजलि नाट्यशाला, दरबार हॉल, कोहनूर मंच, कृषि कक्ष, उद्योग कक्ष सहित सम्पूर्ण नुमाइश परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियो को समय से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रदर्शनी अवधि में आम जनमानस की सुरक्षा एवं बुनियादी सुविधाओं संबंधी सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएं। उन्होंने उद्यान विभाग को नीरज–शहरयार पार्क में श्फ्लॉवर शोश् एवं शिक्षा विभाग को दरबार हॉल में श्पुस्तक मेलाश् लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि इस संबंध में सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर लें। निरीक्षण के दौरान सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, एसीएम प्रथम सुधीर कुमार सौनी, सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह, अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार, उप निदेशक कृषि यशराज सिंह, जिला कृषि अधिकारी धीरेन्द्र सिंह चौधरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राकेश कुमार सिंह, एक्सईएन पीडब्लूडी संजीव पुष्कर, सहायक आयुक्त उद्योग बृजेश यादव, नुमाइश बाबू अर्पित शर्मा समेत अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कर–करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक संपन्न



अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में कर–करेत्तर एवं राजस्व संग्रह की संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आहुत की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व वसूली के वार्षिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही का ही समय है। ऐसे में प्राप्त लक्ष्य और अवशेष धनराशि के अनुसार कार्ययोजना तैयार कर लक्ष्यों को शत–प्रतिशत पूर्ण किया जाए। आबकारी एवं जीएसटी विभाग की खराब प्रगति पर उन्होंने माइक्रो प्लान तैयार कर लक्ष्य पूर्ति के निर्देश देते हुए कहा कि प्रवर्तन की कार्यवाही को बढ़ाया जाए।डीएम ने वाणिज्य कर की समीक्षा में मासिक लक्ष्य 167 करोड़ के सापेक्ष 110 करोड़ की वसूली होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए और मेहनत करने के निर्देश दिए। स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा 63.67 करोड़ के सापेक्ष 55 करोड़ की प्राप्ति की गई जोकि लक्ष्य का 86 प्रतिशत रहा। डीएम ने बड़े बैनामों की जांच करते रहने के निर्देश दिए। आबकारी विभाग की समीक्षा में 95.93 करोड़ के सापेक्ष 74.34 करोड़ की मासिक प्रगति पाई गई। परिवहन विभाग द्वारा 17.64 करोड़ के सापेक्ष 14.20 करोड़ की वसूली की गई। विद्युत विभा द्वारा 162.81 करोड़ के मासिक लक्ष्य के सापेक्ष 122 करोड़ की प्राप्ति करने पर डीएम ने कहा कि विद्युत विभाग में वर्तमान में ओटीएस योजना लागू है इसके बावजूद लक्ष्य पूर्ण न होना विभागीय लक्ष्य के प्रति उदासीनता का दिखाता है। उन्होंने सभी डिविजन को लक्ष्य आवंटित कर शत–प्रतिशत वसूली के निर्देश दिए। डीएम ने मण्डी विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि किसी भी मण्डी में किसानों के हितार्थ कोई बुनियादी सुविधाएं बढ़ाई जानी हो तो उसका प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही उन्होंने मनोरंजन कर, वाटमाप, सिंचाई, खनन, वन विभाग द्वारा की गई राजस्व वसूली की समीक्षा कर आवश्यक दिशा–निर्देशदिए।जिलाधिकारी ने एसडीएम एवं तहसीलदारों के साथ तहसीलों में आरसी एवं स्टांप वसूली और ऑडिट आपत्ति की समीक्षा की। समीक्षा में गभाना और खैर तहसील के लक्ष्य से पीछे रहने पर डीएम ने शत–प्रतिशत राजस्व वसूली करने के लिए तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए बडे बकाएदारों से वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसील स्तरीय न्यायालयों में लम्बित धारा 49, निर्विवाद वरासत, अमल दरामद, धारा 34, धारा 67 एवं धारा 80 के प्रकरणों को 45 दिनों में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ कि तहसीलों में 5 साल से पुराने सभी प्रकरण निस्तारित हो जाएं यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी एसडीएम को शासन की प्राथमिकता में शामिल फार्मर रजिस्ट्री कार्य को भी निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व मीनू राणा, एसडीएम अतरौली साहिल कुमार, एसडीएम इगलास साश्वत त्रिपुरारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी योगेश कुमार समेत तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अलीगढ़ लागू किया जाएगा दिल्ली जैसा ट्रैफिक सिस्टम, जाम की समस्या से राहत



अलीगढ़ नगर निगम ने आम जनता को ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए एक अहम कदम उठाया है. इस पहल के तहत शहर को चार भागों में विभाजित किया गया है, जिससे ट्रैफिक को बेहतर तरीके से प्रबंधित किया जा सके. नगर निगम का यह प्रयास ई–रिक्शा संचालन से संबंधित नियम–कानून को सख्ती से लागू करने और शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाने पर किया गया है.इस योजना के तहत अलीगढ़ शहर को चार हिस्सों में बांटा गया है. इसका उद्देश्य है कि ट्रैफिक का दबाव अलग–अलग क्षेत्रों में समान रूप से बंटे और किसी एक स्थान पर जाम की समस्या न हो. साथ ही नगर निगम ने यह सुनिश्चित किया है कि बिना लाइसेंस और जरूरी दस्तावेजों के कोई भी ई–रिक्शा सड़कों पर न चले. आरटीओ (क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय) द्वारा ई–रिक्शा संबंधी दस्तावेजों की जांच की जाएगी. सभी ई–रिक्शा मालिकों को अपने वाहन का पंजीकरण और लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी करनी होगी. केवल वैध दस्तावेज रखने वाले ई–रिक्शा को ही सड़कों पर चलने की अनुमति दी जाएगी.ई–रिक्शा के लिए नई व्यवस्थाअलग–अलग नंबर या गलत कोडिंग– प्रत्येक ई–रिक्शा को एक विशेष नंबर या रंग आवंटित किया जाएगा. इससे यह पहचानना आसान होगा कि किस दिन कौन–से ई–रिक्शा शहर में चलेंगे. इस प्रणाली के तहत हर रोज केवल निर्धारित संख्या में ई–रिक्शा ही सड़कों पर उतरेंगे. इससे ट्रैफिक में अनुशासन आएगा और जाम की समस्या कम होगी.ई–रिक्शा का नियमित निरीक्षण– नगर निगम सु. निश्चित करेगा कि सभी ई–रिक्शा तकनीकी रूप से सही स्थिति में हों और उनका संचालन सुरक्षित हो. एप्लिकेशन के माध्यम से निगरानी अवैध ई–रिक्शा संचालन पर लगाम लगाने और ट्रैफिक प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम ने एक मोबाइल ऐप लॉन्च करने की योजना बनाई है. इस ऐप के माध्यम से ई–रिक्शा का पंजीकरण और लाइसेंस की स्थिति की निगरानी की जाएगी. अवैध रूप से चल रहे ई–रिक्शा को आसानी से ट्रैक किया जा सकेगा. आम जनता को यह सुविधा मिलेगी कि वे ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकें. अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार सिंह ने बताया कि यह योजना फरवरी माह से लागू की जाएगी. इसकी तैयारी जोरों पर है. उनका कहना है कि यह पहल शहर की ट्रैफिक समस्या को सुलझाने में मील का पत्थर साबित होगी. उन्होंने कहा, ष्हमारा उद्देश्य है कि आम जनता को जाम की समस्या से जल्द राहत मिले.ष इस योजना के अंतर्गत नगर निगम और आरटीओ के अधिकारी मिलकर काम करेंगे. मुख्य बिंदु निम्नलिखित है, जिसमें सड़कों पर चल रहे सभी ई–रिक्शा की जांच की जाएगी. बिना लाइसेंस और दस्तावेज वाले वाहनों को जब्त किया जाएगा.

## पूर्व अध्यक्ष नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा पर पुष्प . माला पहनकर जयंती पर सादर नमन किया



अलीगढ़ कॉन्ग्रेस पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव एवं जिला उपाध्यक्ष सागर सिंह तोमर के नेतृत्व में घंटाघर चौराहे पर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक आजाद हिंद फौज के संस्थापक और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा पर पुष्प माला पहनकर जयंती पर सादर नमन किया यहां उपस्थित रहे महानगर सचिव दीपेश सिंह अनुसूचित जाति विभाग के महानगर महासचिव रोहित कुमार जिला महामंत्री कैलाश गौतम वरिष्ठ कांग्रेसी सुनील कुमार जाटव नन्नू मलिक रविंद्र कुमार आकाश दिवाकर रवि बघेल आदि लोगों ने माला पहनकर श्रद्धांजलि दी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव सागर सिंह तोमर ने बताया नेता जी का नेतृत्व,साहस, सामाजिक न्याय के लिए उनका संघर्ष,सहिष्णुता और समावेशिता के प्रति उनका योगदान आज भी हर भारतीय को प्रेरित करता है महात्मा गांधी जी ने नेताजी को देशभक्तों का देशभक्त कहा था नेताजी ने क्रांति देशप्रेम और बलिदान का सर्वोच्च उदाहरण पेश किया उनका योगदान और उनके विचार पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे।

# बदमाशों ने घर में घुसकर सोते हुए एक ही परिवार के चार लोगों का धारदार हथियार से गला काटा

# दो मासूम बच्चियों की मौत,पति पत्नी गंभीर घायल



उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में बदमाशों ने एक ही परिवार के चार लोगों का धारदार हथियार से गला रेत दिया।इस जघन्य हत्याकांड में दो मासूम बच्चियों की मौके पर मौत हो गई।वही दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल हालत में पति पत्नी को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया,जहां से डॉक्टरों ने दंपति को गंभीर घायल हालत में अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।वही इलाका पुलिस ने दोनों मासूम बच्चियों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।घटना की गंभीरता को देखते हुए जिले के एसपी, एएसपी,सहित अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंच गया।डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम की मदद से पुलिस घटना की छानबीन करने में जुट गई।वीध्ओ, आपको बता दें सदर कोतवाली क्षेत्र के आगरा रोड स्थित आशीर्वाद धाम कॉलोनी में एक प्रोफेसर छोटे लाल पुत्र कल्लू अपने परिवार के साथ रह रहे है,मूलरूप से प्रोफेसर फतेहपुर जिले के रहने वाले है,फिलहाल कोतवाली चन्दपा क्षेत्र के गांव मितई स्थित जवाहर इंटर कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर तैनात है।आज आधी रात को सोते समय रिश्ते के भतीजे ने अपने चाचा–चाची को घायल कर और उनकी दो मासूम बेटियों की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि रात को प्रोफेसर छोटेलाल अपनी पत्नी वीरांगना और दो बेटी श्रृष्टि उम्र 12 वर्ष और दूसरी बेटी विधि उम्र 6 वर्ष के साथ घर पर सो रहे थे। तभी उनका रिश्ते का भतीजा विकास किसी अन्य साथी के साथ घर पर पहुंच गया और आधी रात को सोते समय पूरे परिवार का धारदार हथियार से गला रेत दिया।जिसमें मौके पर दो मासूम बच्ची श्रृष्टि और विधि की मौत हो गई,वही घायल हालत में छोटे लाल और उनकी पत्नी वीरांगना का. जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहा से डॉक्टरों ने गंभीर घायल हालत में दंपति को अलीगढ़ मेडिकल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है

## कवि, संगीतकार, चित्रकार, योग शास्त्री की भूमिका में रहे काका हाथरसी

काका हाथरसी का हिंदी व्यंग्य की कविताओं का सफर 89 वर्ष की आयु में 18 सितंबर 1995 को पूर्ण हुआ और वे प्रभु में विलीन हो गए। विरला संयोग ही है कि काका जन्म दिवस ही उनका अवसान दिवस बना।हाथरस की मिट्टी साहित्य, संगीत और कला के क्षेत्र में काफी उर्वरा रही है। शहर की जैन गली मोहल्ला अग्रवाल परिवार में 18 सितंबर 1906 को जन्मे काका हाथरसी कवि, संगीतकार, चित्रकार, फिल्मकार, समाज सुधारक, युग दृष्टा, योग शास्त्री की भूमिका में रहे। भारत सरकार ने 1985 में उन्हें पद्मश्री से अलंकृत किया।काका हाथरसी का हिंदी व्यंग्य की कविताओं का सफर 89 वर्ष की आयु में 18 सितंबर 1995 को पूर्ण हुआ और वे प्रभु में विलीन हो गए। विरला संयोग ही है कि काका जन्म दिवस ही उनका अवसान दिवस बना। वर्ष 1962 में उन्होंने संगीत की उन्नति के लिए गर्ग एंड कंपनी बनाई, जो संगीत कार्यालय के नाम से आज भी स्थापित है। इस संगीत कार्यालय की महत्ता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि संगीत के क्षेत्र में शोध कार्य करने वाले शोधार्थियों के लिए इस कार्यालय से प्रकाशित किताबें के अध्ययन की अनिवार्यता बनी हुई हैं।. उनकी पुस्तकें आवाज सुरीली कैसे करें–उपाय व चिकित्सा, पाश्चात्य संगीत शिक्षा सचित्र शिक्षा, ब्रज के देवालयों में संगीत परंपरा संगीत पॉप म्यूजिक अंक, लेख तथा स्वरबद्ध गीत, सहस्राब्दी संगीत अंक–विशिष्ट सामग्री, उपशास्त्रीय संगीत अंक लेख मंदिरों, वैदिक संगीत अंक–शोधपूर्ण लेख, सुरैया संगीत अंक जीवनी व स्वरबद्ध गीत, संगीत हृदयनारायणदेव अंक–शोपूर्ण सामग्री, संगीत अमृत महोत्सव अंक, मुसलमान और भारतीय संगीत अंक प्रसिद्ध है।

## हाथरस में शीतलहर के बीच हृदय संबंधी बीमारियों से मौतों का सिलसिला जारी

हाथरस में शीतलहर के बीच हृदय संबंधी बीमारियों से मौतों का सिलसिला जारी है। पिछले 24 घंटों में तीन लोगों की मौत हृदय संबंधी समस्याओं से हुई है। बिछुआ गली निवासी 40 वर्षीय राजू को अपने घर के चबूतरे पर बैठे समय अचानक सीने में दर्द हुआ और वह बेहोश हो गया। परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।इसी दौरान कमला बाजार के 62 वर्षीय रविंद्र और मुरसान के गांव गुबरारी निवासी 64 वर्षीय रामवीर सिंह की भी हृदय गति रुकने से मौत हो गई। जिला अस्पताल में इन दोनों को भी मृत घोषित किया गया।सर्दी से करें बचाव...जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सूर्य प्रकाश ने बताया कि शीतलहर के कारण हृदय रोगियों की समस्याएं बढ़ गई हैं। जिला अस्पताल, सरकारी एमडीटीबी अस्पताल और निजी अस्पतालों में सीने में दर्द, सांस की तकलीफ और रक्तचाप से पीड़ित मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है।सावधानी बरतने की सलाह चिकित्सकों ने विशेष रूप से बुजुर्गों और हृदय रोगियों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्हें गर्म कपड़े पहनने, नियमित रूप से रक्तचाप की जांच करवाने और संतुलित आहार लेने की हिदायत की गई

## अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के बैनर तले श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा द्वादशीद्व के उपलक्ष्य में शहर में हिंदूवादियों ने निकाली विशाल बाइक शोभायात्रा

हाथरस। अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंगदल के बैनर तले श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा द्वादशीद्व के उपलक्ष्य में श्री रामजी भव्य यात्रा यवाईक यात्राद्ध 22 जनवरी बुधवार को प्रातः 11 बजे बागला कालेज से प्रारम्भ होकर शहर के मुख्य मुख्य बाजारों से होती हुई। डी.आर.बी. इण्टर कालेज, आगरा रोड, पर समापन हुई। इस शोभायात्रा का शहर में जगह, जगह पुष्प वर्षा एवं मिठाई वितरण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राहुल उपाध्याय यविभाग गौ रक्षा प्रमुखद्व, अंतर राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, महामंत्री रमेश सिंह, उपाध्यक्ष रुपकिशोर 'जीके', सौनू कैटर्स, पंकज मित्तल, वीरेन्द्र गुप्ता, नगर अध्यक्ष गोपाल अगव्राल, महामंत्री – नीरज शर्मा, उमेश चन्द्र कुशवाहा, राष्ट्रीय बजरंग दल से जिलाध्यक्ष अभिषेक खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष रोहित राजपूत,महामंत्री अभिषेक पुरोहित, सुरेश कश्यप, मोहित वार्ष्णेय, नगर अध्यक्ष गौरव पाठक, उपाध्यक्ष रिंकल सैन, गौरक्षा प्रमुख रंजीत सैन, प्रखण्ड अध्यक्ष चन्दपा रामू भारद्वाज, मंत्री कन्हैया कौशिक, उपाध्यक्ष मनोज भारद्वाज भूरा भारद्वाज, महामंत्री राज. कुमार भारद्वाज , प्रखण्ड अध्यक्ष रुहेरी केशव, अनिल कुमार शर्मा, रोहित रा. जपूत, शिवम गोस्वामी, इनके अलावा रौनक वार्ष्णेय, सूरज, गोपाल गौड़, हरेन्द्र पण्डित, रितिक, सौनू, ध्रुव, दीपक, ईशू, उमेश, लालाराम, हरेन्द्र, रितिक, सतेन्द्र, गोपाल गौड़, अंबुज, अभिषेक, पवन, मोहित, उज्जवल, रॉकी, मोहित ठाकुर, मनीष, लाकेन्द्र चौधरी, रानू चौघरी, बच्चू चौधरी, रजत पण्डित, विशाल पण्डित, मन्नी पण्डित, लालो पण्डित, रोहित पण्डित, रिषभ, नीतेश, अरुण, अंकित, बादल, रवि, बन्टू, हिमांशु, जतिन मित्तल, संजय अग्रवाल , शिवम वार्ष्णेय, सौरभ शर्मा, यश, दिनेश, राजेन्द्र पाठक, कृष्णा चौधरी, प्रियांशु भारद्वाज, अमर सिंह, पवन शर्मा, गगन पण्डित, रितिक वाल्मिकी, गोपाल गौड़, अजीत कुमार, सुशील, अमित ठाकुर, धर्मेन्द्र, दीपक कश्यप, दीपक राणा, शिवम अग्रवाल, विशाल, हेमू, अनुज, अंशू, करन, विकास आदि लोग मौजूद रहे ।

## फर्जी हस्ताक्षर कर खाते से निकाले 48 हजार

एक शातिर ने जनसेवा केंद्र के संचालक के खाते से 48 हजार रुपये पार कर दिए। इसकी जानकारी युवक को मोबाइल पर मेसेज आने पर हुई।मोहल्ला कन्या जूनियर हाईस्कूल सादाबाद निवासी विशाल कुमार जनसेवा केंद्र संचालक हैं। उनका का खाता केनरा बैंक में है। बुधवार की शाम को उनके मोबाइल पर खाते से 48 हजार रुपये निकासी का मेसेज आया। जिसे देख उनके होश उड़ गए। इसकी शिकायत उन्होंने बैंक में अधिकारियों से की। विशाल ने बताया कि किसी शातिर ने उसके खाते से यह निकासी की है। खाते से रुपये निकालने वाला सीसीटीवी में नजर आ रहा है। पीडित ने बताया है कि बैक में निकासी के फॉर्म पर फर्जी हस्ताक्षर कर खाते से रुपये निकाले हैं। बैंक अधिकारियों ने पीडित को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## हाथरस में एक दर्दनाक घटना में मानसिक रूप से परेशान चल रहे 24 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई

हाथरस में एक दर्दनाक घटना में मानसिक रूप से परेशान चल रहे 24 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हाथरस सिटी रेलवे स्टेशन के निकट हुई इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। मृतक की पहचान मोहल्ला खंदारी गढ़ी निवासी मोहित के रूप में हुई।जानकारी के अनुसार, मोहित पुत्र गोविंदराम कुछ समय पहले हुए एक दुर्घटना के बाद से मानसिक तनाव में था। युवक रंगाई–पुताई का काम करता था। अविवाहित मोहित की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।परिवार के लोगों में मचा कोहराम घटना की सूचना मिलते ही हाथरस गेट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से युवक की पहचान होने के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की खबर फैलते ही मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर इकट्ठे हो गए।

## देख–रेख के आभाव में सुभाष चंद्र बोस पार्क पड़ा बदहाल

आज सुभाष चंद्र बोस जयंती को लेकर शहर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। लोगों उनकी बहादुरी व त्याग को याद करेंगे, लेकिन शहर के सुभाष चंद्र बोस पार्कों का हाल बेहाल है। विशेष आयोजनों की पूर्व संध्या पर पालिका को अचानक इस पार्क की बदहाली का ध्यान आया तो यहां सफाई कराई गई, लेकिन बदहाली फिर भी बरकरार है।शहर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम से कुछ पार्क हैं। पुरानी कलक्ट्रेट स्थित निर्माणाधीन केंद्रीय विद्यालय की सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा को भव्यता देना अभी बाकी है। इधर, मुरसान गेट के विद्यापति नगर स्थित सुभाष चंद्र बोस पार्क की बुधवार को भी बदहाल नजर आया। गेट बंद इस पार्क की सफाई नहीं कराई गई थी। पार्क के मुख्य द्वार पर पूरे मोहल्ले का कचरा हर रोज डाला जाता है, जयंती से पूर्व पा. लिका की ओर से सफाई की गई, लेकिन बदहाली साफ तौर पर देखी गई। करीब एक साल से इस पार्क के एक गेट की दीवार टूटी हुई है। पार्क के अंदर भी आम लोगों के बैठने की सुविधा नहीं है। जबकि यह पार्क घनी आबादी के बीच है। आज सुबह से शहर के स्कूल, कॉलेजों के अलावा जगह–जगह सुभाष चंद्र बोस जयंती का आयोजन किया जाएगा।

## दो बाइकें भिडी हुआ एक घायल

सासनी–जलेसर रोड स्थित गांव भोजगढी चौराहे पर दो बाइकें आपस में भिड गईं। जिसमें एक युवक घायल हो गया। घटना के बाद घायल को उपचार के लिए अलीगढ मेडिकल हायर सेंटर रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना खैर के गांव सहरोई निवासी विनय कुमार पुत्र होशियार सिंह अपने सहपाठी विवेक और लकी के साथ बाइक पर सवार होकर सलेमपुर स्थित महामाया कॉलेज पढ़ने जा रहा था। बताते हैं कि जैसे ही वह बाइक लेकर भोजगढी चौराहे के निकट पहुंचा तो सामने से आ रही एक बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे विनय कुमार को गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य मामूली रूप से चुटैल हो गये, और दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की जानकारी होते ही राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड जुट गई। लोगों ने ऐंबुलेंस के जरिए घायल को उपचार के लिए सासनी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसे अलीगढ़ हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी।

## गांजा तस्कर गिरफ्तार दो किग्रा से अधिक गांजा बरामद

सासनी–। कोतवाली पुलिस ने पुलिस कप्तान चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार एएसपी एवं सीओ के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी एवं तस्करी के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक गांजा तस्कर को नगला पोपा के निकट से गिरफ्तार कर जेल भेजा है।प्रभारी निरीक्षक नरेश सिंह के अनुसार वह क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति एवं संदिग्ध वाहन चौकिंग कर रहे थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि गांव पौपा नगला के निकट एक युवक हाथ में लटके बैग में कुछ मादक पदार्थ बिक्री हेतु ले जाने वाला है। प्रभारी निरीक्षक ने सूचना को गंभीरता से लिया और मय हमराह और पुलिस टीम के साथ नगला पौपा की ओर रूख करते हुए वाहनों को दौडा दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जैसे ही नगला पौपा गेट के निकट खडे युवक ने पुलिस वाहन देखा तो वह भागने लगा मगर पुलिस ने भी आवश्यक कार्रवाई करते हुए भाग रहे युवक को दबोच लिया और कोतवाली ले आए। जहां उसकी जामा तलाशी में पुलिस ने दो किलो नौ सौ छह ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने अरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृतकर उसे जेल भेजा है। वहीं प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अरोपी पूर्व में मु0अ0सं0 647่18 धारा 138 बी विधुत अधिनियम के तहत भी जेल जा चुका है। पूछताछ में अरोपी ने पुलिस को अपना नाम व पता अनिल कुमार उर्फ बौबी पुत्र प्रमोद कुमार निवासी कौमरी बताया है। अरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार सिंह मय हमराह एवं मय टीम के मौजूद थे।

# कासगंज पुलिस और सर्विलांस, एसओजी टीम ने सेवानिवृत एडीएम की हत्या का मात्र 24 घंटे के भीतर खुलासा

# पुलिस ने गेस्ट हाउस से चोरी हुआ सामान हत्यारे के घर से किया बरामद

कासगंज पुलिस और सर्विलांस, एसओजी टीम ने सेवानिवृत एडीएम की हत्या का मात्र 24 घंटे के भीतर खुलासा करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने मीनाक्षी गेस्ट हाउस के सेवादार को गिरफ्तार कर लिया है। बीते दिनों उनके गेस्ट हाउस से चोरी हुए बेड, एसी, इन्वेटर बैट्रा सहित अन्य सामान हत्यारे के घर से बरामद किया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त किया गया सब्बल और चाकू को बरामद किया है। फिलहाल पूछताछ के बाद हत्यारे को जेल भेजा गया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मामों स्थित मीनाक्षी गेस्ट हाउस है। बीते दिन मीनाक्षी गेस्ट पर हाउस पर सो रहे मालिक पूर्व एडीएम राजेंद्र प्रसाद कश्यप की सिर कुचलकर हत्या कर दी गई थी। एसपी अंकिता शर्मा ने इस सनसनी खेज मामले को लेकर टीमों को गठन किया था। पुलिस हत्या के खुलासे में लगी हुई थी। इसी बीच पुलिस ने आरोपी को पुलिस लाइन स्थित एक बाग से गिरफ्तार कर लिया। प्रेसवार्ता कर एसपी ने एडीएम हत्याकांड का खुलासा किया है। इस मामले में नगला कंचन निवासी धर्मेंद्र कश्यप को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपना जुर्म इकबाल करते हुए बताया वह गेस्ट हाउस का सेवादार है। तीन दिन पहले राजेंद्र कश्यप परिवार से मिलने के लिए गाजियाबाद चले गए थे। इसी बीच उसने गेस्ट हाउस में रखे बेड और इन्वेटर, एसी निकाल कर ले गया। राजेंद्र कश्यप को शक हुआ तो वह धर्मेंद्र के गांव में पहुंच गए। घर में रखे बेड ऐसी भी देख लिए। वह जेल भेजने की धमकी देकर चोरी हुआ सामान वापस करने का दबाब बनाने लगे। कहा कि अगर सामान वापस नहीं किया तो में एफआईआर कर दूंगा। जेल भेज दूंगा और गांव के लोगों से भी शिकायत की। इसी बात को छिपाने के लिए 21 जनवरी की सुबह चार बजे जाकर हत्या कर दी। फिलहाल आरोपी को जेल भेज



दिया गया है। पूर्व एडीएम राजेंद्र प्रसाद कश्यप का दूर का रिश्तेदार हत्यारा धर्मेंद्र कश्यप था। वह उनकी पत्नी से बुआ कहता था। राजेंद्र से फूफा। परिवार को इस पर बहुत विश्वास था। वह गाजियाबाद घर पर भी काम कर चुका है। चोरी को छिपाने और जेल के डर की वजह से उसने अपने दूर के फूफा की सब्बल और चाकू से सिर पर प्रहार कर हत्या कर दी।एडीएम हत्याकांड का खुलास करने वालों में सर्विलांस प्रभारी प्रेमपाल सिंह, एसओजी प्रभारी विनय शर्मा, हेड कांस्टेबल आशुतोष त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल बाबू सिंह,हेड कांस्टेबल गिर्राज यादव, हेड कांस्टेबल दिनेश रावत, कांस्टेबल कुवर पाल सिंह, कांस्टेबल तेजवीर सिंह, कांस्टेबल शैलेंद्र चौधरी, कांस्टेबल अनिल गुर्जर ने किया है।एसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि रिटायर्ड एडीएम राजेंद्र प्रसाद कश्यप की हत्या उनके ही दूर के रिश्तेदार और गेस्ट हाउस के सेवादार ने की है। वह गेस्ट हाउस से बेड, ऐसी इन्वेर्टर चोरी कर ले गया था। राजेंद्र कश्यप को शक था। वह उसे जेल भेजने की धमकी दे रहे थे। उसने चोरी की घटना को छिपाने के लिए हत्या कर दी।

## एटा जिले के रिजोर थाना क्षेत्र में एक चिंताजनक घटना सामने आई

एटा जिले के रिजोर थाना क्षेत्र में एक चिंताजनक घटना सामने आई है, जहां वा. हिदबीबी पुर गांव के ग्राम प्रधान हरिओम कश्यप रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गए हैं। गौशाला का निरीक्षण करने गए प्रधान की बाइक गांव के पास एक पुल की खाई में बरामद हुई है।घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रधान के परिवार ने एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह से मिलकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। प्रधान की पत्नी सुबोध देवी ने बताया कि गांव के ही रोहित, सूर्य प्रताप और रामनरेश उर्फ रामू उनके पति पर अवैध कागजों पर हस्ताक्षर करने का दबाव बना रहे थे। विरोध करने पर रविवार को इन लोगों ने लाठी–डंडों के साथ धमकी दी, जिसके बाद डायल 112 को सूचना दी गई थी।सोमवार को गौशाला निरीक्षण के लिए निकले प्रधान देर रात तक वापस नहीं लौटे। अगली सुबह स्कूली बच्चों ने पुल के पास खाई में उनकी बाइक को देखा। पुलिस ने बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। रिजोर थाना प्रभारी जे पी अशोक ने बताया कि प्रधान की तलाश की जा रही है।एसएसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी को प्रधान की जल्द बरामदगी के लिए निर्देशित किया है। परिजनों ने नामजद आरोपियों पर अपहरण और संभावित हत्या की आशंका जताई है।

## रामनिवास और उनके करीब 15 गुर्गों ने परियोजना में तैनात सुरक्षा कर्मियों के साथ मारपीट

रामनिवास और उनके करीब 15 गुर्गों ने परियोजना में तैनात सुरक्षा कर्मियों के साथ मारपीट की। घटना देर रात की है, जब पूर्व प्रधान अपने साथियों के साथ एक व्यक्ति मुन्नालाल को पीटते हुए परियोजना परिसर में लाए।जांच करने पहुंची पुलिस टीम।सुरक्षा कर्मी रामसिंह के अनुसार, आरोपी पशु बांधने की बात कर रहे थे। जब सुरक्षा कर्मियों ने इसका विरोध किया, तो पूर्व प्रधान और उनके साथियों ने न केवल उनके साथ मारपीट की, बल्कि अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़ित सुरक्षा कर्मियों ने आज एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्याम नारायण सिंह के कार्यालय पहुंचकरलिखित शिकायत दर्ज कराई। एसएसपी ने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी मलावन नित्यानंद पांडे ने पुष्टि की है कि शिकायती पत्र प्राप्त हो गया है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी

## किसान सम्मेलन का आयोजन



कासगंज/संवावदाता अमित कुमार –कासगंज के ग्राम जखेरा में आज दिनांक 23.01.2025 को किसान गोष्टी का आयोजन किया गया । जिसमें शिव शक्ति एग्रीटेक लिमिटेड के द्वारा कंपनी के कर्मचारी कृषि अधिकारी रामनिश कुमार ने बताया कि ज्यादा रसायन का प्रयोग करने से भुमि उर्बक झमता लगाता घटती जा रही है तथा किसानों की जैविक खेती करने के बारे में सलाह दी जा रही है तथा कंपनी के उत्पाद बायो पोस्टिक को जमीन में डालने की सलाह दी जिस जमीन में अम्लीय एवं क्षारीय नहीं होगी तथा मृदा में वर्मी कंपोस्ट डालने की सलाह दी क्योंकि अधिक से अधिक रासायनिक उत्पादों का प्रयोग करने से मृदा में हानि होती जा रही है एवं इसलिए कंपनी के कुछ उत्पाद भूमि में डालने की सलाह दी जैसे की कंपनी के कुंदन बायो उत्पाद डालने की सलाह दी जिसमें रासायनिक से बचने के लिए बायो पोस्टिक साइड डालने की किसानों को जानकारी दी इसमें हमारे जखीरा के किसान लोग ही मौजूदगी रही मुकेश कुमार, सोमेन्द्र कुमार, मनीष कुमार, कुसल कुमार, यादराम सिंह, कमल किशोर ,आदि लोगों मोजूद रहे ।

## कासगंजः दो पक्षों मेंजमकर मारपीट, . नाली में गिरा–गिराकर पीटा

कासगंज,ढोलना थाना क्षेत्र के एक गांव में उधारी के रुपए को लेकर दो पक्ष आमने–सामने आ गए। दोनों पक्षों में पहले लात–घूसे चले। बाद में जमीन पर गिराकर मारपीट की गई। इस पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होते ही पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस गांव में पहुंचकर जांच–पड़ताल कर रही है। इस संबंध में दोनों पक्षों ने एक–दूसरे के खिलाफ तहरीर भी नहीं दी है।यह मारपीट का वायरल वीडियो नगला जोर गांव का दो दिन पुराना बताया जा रहा है। गांव के ही रहने वाले विपिन कुमार ने संजय, पुत्र भूलन सिंह, को उधार पैसे दिए थे। पैसे वापस न मिलने पर विपिन ने संजय का मोबाइल छीन लिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आमने–सामने आ गए। महिलाएं भी मारपीट में शामिल हो गईं। दोनों पक्षों ने एक–दूसरे को पकड़कर जमीन पर गिरा दिया और लात–घूंसे मारने लगे।वहीं, कुछ लोग तमाशबीन बने रहे। इसी बीच स्थानीय ग्रामीणों ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद थाना पुलिस हरकत में आ गई। इंस्पेक्टर गो. विंद वल्लभ शर्मा टीम के साथ गांव में पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर गोविंद वल्लभ शर्मा ने बताया कि इस मामले में किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## एटा जिले के मलावन स्थित जवाहर तापीय परियोजना में कार्यरत मजदूरों ने महीनों से वेतन नहीं मिलने के विरोध में हड़ताल कर दी



एटा जिले के मलावन स्थित जवाहर तापीय परियोजना में कार्यरत मजदूरों ने महीनों से वेतन नहीं मिलने के विरोध में हड़ताल कर दी। सोनी कंपनी के लगभग 150 मजदूरों ने काम रोककर प्रदर्शन किया और कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की।मजदूरों का कहना है कि उन्हें कई महीनों से मज. दूरी का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनके परिवार की आजीविका प्रभावित हो रही है। हजारों करोड़ की लागत से बन रहे इस पावर प्रोजेक्ट में यह पहली बार नहीं है जब मजदूरों को वेतन के लिए संघर्ष करना पड़ा है। पहले भी कई बार जिला प्रशासन में शिकायत दर्ज कराने के बाद ही भुगतान किया गया था।परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों ने मजदूरों से वार्ता की करीब दो घंटे तक चली हड़ताल के दौरान जवाहर तापीय परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों ने मजदूरों से वार्ता की। अधिकारियों के आश्वासन के बाद मजदूरों ने हड़ताल समाप्त कर दी और काम पर लौट गए। यह परियोजना कोरियाई कंपनी दूसान द्वारा निर्माणाधीन है और वर्षों से इसका निर्माण कार्य चल रहा है। श्रमिकों का कहना है कि वेतन भुगतान की समस्या लगातार बनी हुई है और उन्हें अपनी मेहनत की कमाई के लिए बार–बार संघर्ष करना पड़ता है।

## एटा जिला कारागार में तैनात जेल वार्डन राजीव हंस कुमार ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट से चार वीडियो जारी किया

एटा जिला कारागार में तैनात जेल वार्डन राजीव हंस कुमार ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट से चार वीडियो जारी किया है। वीडियो में जेल वार्डन राजीव ने जेलर प्रदीप कश्यप पर खिलाफ गंभीर आरोप लगा रहे हैं। रोते हुए वार्डन ने कहा कि जेलर प्रदीप कश्यप, चीफ अरविंद और डिप्टी जेलर जहान सिंह द्वारा उनका मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है।उन्होंने जेलर पर गैर समुदाय की लड़कियों को मंगवाने और अय्याशी का आरोप लगाया है। उनकी मांगें पूरी न करने पर छुट्टी नहीं देते हैं। परेशान होकर वार्डन ने आत्महत्या करने की धमकी भी दी है। डीआईजी मेरठ पीएन पांडे और एटा जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने जांच के आदेश दिए हैं।जेल कर्मी पहले वीडियो में अपने फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू–ट्यूब के फॉलोअर्स को बोलते नजर आ है, कि मैं लोगों का मनोरंजन करने और उन्हें खुशियां देने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म से जुड़ा हूं। पुलिस वाले किसी के दुश्मन नहीं होते हैं। लोगों के साथ अच्छा ही बिहैव करते हैं, जैसा कि लोग पुलिस वालों से डरते हैं इसलिए फेसबुक इंस्टाग्राम मैं चलाता रहा।यू–ट्यूब भी चलाता रहा लोगों को बताता रहा कि मैं दोस्त हूं आपका कोई दुश्मन नहीं हूं पुलिस वाले कुछ अलग से नहीं होते हैं। लेकिन पुलिस वाले कितने दुखी होते हैं ये आज मैं आपको बता रहा हूं। एटा जेल पर जेलर प्रदीप कश्यप हैं, पहले तो अधीक्षक है अमित चौधरी उन्हें सेल्यूट करता हूं। पहली पोस्टिंग है इसलिए लोगों के कहने सुनने में भड़काने आ जाते हैं। हम लोगों की सेलरी उन्हीं के साइन से निकलती है। उससे हमारे बच्चे पलते हैं, मैं भी पलता हूं। अमित चौधरी राजा साहब हैं मैं उन्हें राजा मानता हूं।दूसरा वीडियो–1रू47 सेकेंडजेल कर्मी ने दूसरे वीडियो में किसी चीफ का जिक्र करते हुए जेल कर्मी ने कहा उसको चीफ पद से हटा दिया गया है। क्योंकि वह लड़कियों को लेकर नहीं आया इसलिए उसे हटा दिया गया। अब जहान सिंह डिप्टी जेलर मुझ पर प्रेशर डालता है। अमित चौधरी भड़काने में आ जाते हैं। वो ये नहीं समझ पाते है कि हम क्या करें। दोस्तों मैं सुसाइड कर रहा हूंतीसरे वीडियो में जेल कर्मी कहते नजर आ रहा है कि इतना अय्याश जेलर एटा जेल में तैनात है, लेकिन अरविंद नाम का चीफ पर्मानेंट रहता है। हम भी हेड कांस्टेबल हैं, डिप्टी जेलर जहान सिंह हैं, और अरविंद भड़कता रहता है। मैं कहां से मुल्लानी लेकर आऊं (मुस्लिम औरत) जैसा मुझे गुमराह कर रखा है। मैं एक जगह किराए पर रहता था मेरे पड़ोसी इज्जतदार व्यक्ति थे लोगों ने गुमराह किया बोलचाल कर लिए तो उन्होंने मुझ पर गलत इल्जाम लगाया। मैंने सोचा मैं सुसाइड कर लूंगा।वीडियो वायरल होने के बाद सबको पता चलेगा की मैं प्रदीप कश्यप की वजह से सुसाइड करूंगा। अधीक्षक कहने सुनने में आ जाते है डिप्टी जेलर पीछे पड़ा हुआ है। अय्याश जेलर अय्याशी करना चाहता है, चीफ उसको कराता है। अरविंद को इसलिए बीच में हटा दिया क्योंकि वह लड़कियां लेकर नहीं आया। मैं दुखी हूं परेशान हूं।चौथा वीडियो–1रू50 सेकेंडचौथे वीडियो में बार–बार जेल कर्मी जेलर, डिप्टी जेलर, और चीफ पर आरोप लगाता रहा और आत्महत्या करने की बात दोहराता रहा। मामले पर जेल अधीक्षक अमित चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया मामला डीएम ने दिए जांच के आदेशमामले की गंभीरता को देखते हुए एटा के जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच समिति का गठन किया है। जांच के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट सत्यप्रकाश सिंह और अपर उपजिलाधिकारी राजकुमार मौर्य को नियुक्त किया गया है। नहीं हैं।

वीडियो वायरल होने के बाद से एटा जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।जेल वार्डन राजीव हंस कुमार।वीडियो में जेल वार्डन ने कहा कि आ. मतौर पर लोग पुलिस से डरते हैं, लेकिन पुलिसकर्मी कितने दुखी रहते हैं, यह वह बता रहे हैं। उन्होंने जेलर पर एक नर्स का शादी के नाम पर उत्पीड़न करने का भी आरोप लगाया है। इस पूरे प्रकरण जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।साक्ष्य विहीन आरोप इस मामले पर जेल अधीक्षक अमित चौधरी का कहना है। कि मुख्य जेल वॉर्डन राजीव हंस ने जेलर और डिप्टी जेलर पर आरोप लगाए हैं। जिसका वीडियो सामने आया है। छुट्टी को लेकर जो आरोप लगाए हैं, वह पूरी तरह से निराधार हैं। सितंबर, ऑक्टूबर और नवंबर माह में इन्हें छुट्टी दी गई थी। आरोप के कोई साक्ष्य सभी आरोप साक्ष्य विहीन हैं।

आवश्यकता है

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें -

अमित कुमार वर्मा -संम्पादक

मौः-8218049162,8273402499

जननायक सम्राट

हिंदी साप्ताहिक

मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित

सम्पादक–अमित कुमार वर्मा

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा